भारत सरकार

मात्स्यिकी, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय

मत्स्यपालन विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या- 519

दिनांक 25 जून, 2019 के लिए प्रश्न

विषय: कर्नाटक में मात्स्यिकी को बढ़ावा देना

519. श्री नलीन कुमार कटीलः

क्या मात्स्यिकी, पशुपालन और डेयरी और मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय कर्नाटक राज्य में मास्त्यिकी व्यापार को बढ़ावा देने और इसके संरक्षण के लिए कोई पहल कर रहा है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) मात्स्यिकी से संबंधित व्यापार के विकास और वृद्धि के लिए अभी तक कितनी निधि जारी की गई है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

मात्स्यिकी, पशुपालन और डेयरी राज्य मंत्री

(श्री प्रताप चन्द्र सारंगी)

(क)और(ख)जी हाँ। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय से प्राप्त ब्यौरे के अनुसार समुद्री उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एम.पी.ई.डी.ए) कर्नाटक सहित देश में जलकृषि उत्पादन बढ़ाने, समुद्री खाद्य के मूल्य वर्धन के लिए अवसंरचना के उन्नयन, समुद्री उत्पाद के निर्यात के लिए गुणवत्ता आश्वासन एवं बाजार संवर्धन के लिए निम्नलिखित योजनाएं क्रियान्वित कर रहे हैः

(i) बाजार संवर्धन

(ii) निर्यात के लिए उच्चकोटि/नवाचारित मूल्य वर्धन हेतु सहायता

(iii) प्राकृतिक पकड़ तथा कृषित उत्पादों के निर्यात ट्रेसेबिलिटी के लिए प्रमाणीकरण

(iv) निर्यातोन्मुख जलकृषि प्रौद्योगिकी उष्मायन

(v) गुणवत्ता आश्वासन

(ग) एम.पी.ई.डी.ए. द्वारा कर्नाटक राज्य में मात्स्यिकी से संबंधित व्यापार के विकास और वृद्धि के लिए उपरोक्त योजनाओं के अन्तर्गत पिछले 5 वर्षों में जारी धनराशि का विवरण नीचे दिया गया हैः

क्र.सं.	घटक/योजना का नाम	रुपये लाख में				
		2014-15	2015-16	2016-17	2017-18	2018-19
1	समुद्री उत्पादों के लिए प्रौद्योगिकी उन्नयन योजना	53.87	0	57.26	0	0
2	मछली और मात्स्यिकी उत्पादों के भंडारण हेतु बड़े कोल्ड स्टोरेज(फ्रोजन स्टोरेज) के निर्माण हेतु वित्तीय सहायता	0	25.26	0	0	0
3	इन्सुलेटिड मछली बाक्स	0.515	0	0	0	1.89
4	पैकेजिंग और प्रक्रिया आटोमेशन हेतु टी.आई.यू.एस.एम.पी.- सहायता	0	0	0	8.23	0
5	पूर्व प्रोसेसिंग केन्द्र के लिए टी.आई.यू.एस.एम.पी. सहायता	0	0	0	4.90	0
6	मूल्य संवर्धन(वैल्यू एडिशन) के ढ़ाचागत विकास हेतु टी.आई.यू.एस.एम.पी सहायता	0	0	0	120.28	0
7	बड़े कोल्ड स्टोरेज के लिए सी.सी.डी. सहायता	0	0	0	48.92	0
8	छोटी प्रयोगशाला हेतु वित्तीय सहायता	2.45	1.26	0	1.5	0
कुल योग		**56.835**	**26.52**	**57.26**	**183.83**	**1.89**

*****